हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 3 जुलाई 2024

04 सदाशिव महोत्सवः छिपरी गांव में सुंदरकांड...



07 शव पहुंचते ही पसरा मातम,सुनाई दिया तो ...





## गढ़ाकोटा में 1857 से लगातार निकल रही है रथयात्रा

# वैद्य ने टटोली 'भगवान' की नब्ज,7 जुलाई को निकलेगी रथयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढाकोटा



देश के इतिहास में भले ही बीते समय की बात हो चुकी हो लेकिन गढ़ाकोटा के इतिहास में इसके वर्तमान स्वरूप के दर्शन आज भी प्रतिवर्ष आषाढ़ मास की दोज को भगवान जगन्नाथ स्वामी, श्री बलदाऊ भैया जी ओर माता सुभद्रा की पावन रथयात्रा निकलने का सिलसिला अनवरत चल रहा है। लगभग ढाई सौ वर्षों से अधिक जिस धार्मिक परंपरा का तीर्थ स्थल सिद्ध क्षेत्र पटेरिया जी से प्रथम बार इस रथयात्रा का आयोजन किया गया था। वह आज भी लाखों लोगों की श्रंद्धा एवं आस्था का प्रतीक माना जाता है जहां लोग प्रतिवर्ष इस आयोजन में पूरी श्रद्धा एवं भक्ति से शामिल होने दूर-दूर से पधारते हैं और अपनी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। धर्म से जुड़े लोगो का मानना है कि जो लोग भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथ यात्रा में पुरी (उड़ीसा) नहीं पहुंच पाते वे गढ़ाकोटा की रथयात्रा में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करते है।

सिद्ध क्षेत्र पटेरिया तीर्थ स्थल का भी अपना धार्मिक इतिहास रहा है जिसकी स्थापना सिद्ध बाबा महराज द्वारा की गई थी। उन्ही की कृपा से इस क्षेत्र में पुण्य सलिल नर्मदा मैया के प्राकृटय की भी किवदंती जुड़ी हुई है जो आज सिद्ध बाबा मंदिर के समीप ही लोंग झिरिया के रूप में जानी जाती है कालांतर में इस क्षेत्र की महिमा प्रसिद्धि एवं प्रताप से लाभान्वित होकर अनेक लोगों ने इस धर्म क्षेत्र के विकास में अपना सहयोग प्रदान किया था जिनमें अंग्रेजों से लेकर मुस्लिम भाई तक शामिल थे।

जब 1857 में प्रथम बार महंत जानकीदास के मार्गदर्शन में आस्थाई रथ पर तीनों मूर्तियां भगवान जगन्नाथ,बलदाऊ भैया और मां सुभद्रा जी को विराजमान कर आयोजन किया गया था तो महात्मा से प्रभावित होकर अगले वर्ष 1858 में एक मुस्लिम थानेदार ने स्थाई रथ का निर्माण करवाया था। जो धार्मिक सौहार्द का अभूतपूर्व उदाहरण था तब इसी वर्ष से इस रथ यात्रा का आयोजन जगदीश मंदिर पटेरिया से गनपत खंताल (नायक) मालगुजार परिवार के बाजार वार्ड स्थित जनकपुरी मंदिर तक किया जाना लगा। इसके बाद महंत रामसेवक दास के कार्यकाल में दो अन्य रथो का निर्माण कराया गया। जगन्नाथ पुरी धाम के समान ही तीनों रथों पर तीनों श्री मूर्तियों की रथयात्रा आयोजित की जाने लगी। इस भव्य समारोह की तैयारीयां ज्येष्ठ सुदी पूर्णिमा से प्रारंभ होती है जब तीनों देव प्रतिमाओं की श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ मंदिर में बाहर स्थापित किया जाता है एक धार्मिक मान्यता के अनुसार भगवान जगन्नाथ स्वामी अस्वस्थ्य हो जाते हैं जो पूर्णिमा से प्रतिपदा तक एक वैध भगवान के अस्वस्थ होने पर इलाज हेतु मंदिर जाते हैं पूर्व में वैध पं कालीचरण तिवारी भगवान का इलाज करते थे। अब उनके वंशज पं अम्बिकाप्रसाद तिवारी भगवान का इलाज करते है एकादशी को भगवान को दवा दी जाती है जिसमे औषधि के रूप जड़ो का पानी और दाल का पानी भगवान को सेवन के दिया जाता है।प्रतिपदा को भगवान जगन्नाथ स्वामी को दाल-चावल मिश्रित,खिचड़ी कर सेवन कराया जाता है इसके अगले दिन दोज को मंदिर में मालपुआ तथा पुड़ी सहित छप्पन भोग दिया जाता है उसी दिन भगवान जगन्नाथ स्वामी की नगर यात्रा निकाली जाती है साथ ही श्रद्धालुओं को शुद्ध घी से बने मालपुये ओर पुड़ी का प्रसाद दिया जाता है।



## विश्वविद्यालयः प्रोबी के श्रीवास्तव को स्वामी विवेकानंद सारस्वत सम्मान

**सागर।** आर्ष परिषद सागर के तत्तावधान में कृष्णार्पण समारोह समारोह रवीन्द्र भवन सागर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रो बी के श्रीवास्तव, अध्यक्ष इतिहास विभाग, डॉ हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर को उनके द्वारा शिक्षा एवं साहित्य के क्षेत्र में किए गए विशिष्ट योगदान के लिए स्वामी विवेकानंद सारस्वत सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मान में शाल, श्रीफल मोमेंटो और सम्मान पत्र प्रदान किये गया। सम्मान पत्र प्रो राधवल्लभ त्रिपाठी पूर्व कुलपति केंद्रीय संस्कृत विश्विद्यालय नई दिल्ली, अजय तिवारी कुलाधिपति स्वामी विवेकानंद विश्विद्यालय सागर, पारुल साहू पूर्व विधायक सुर्खी तथा डॉ ऋषभ भारद्वाज अध्यक्ष आर्ष परिषद सागर ने प्रदान किया। प्रो. श्रीवास्तव की 64 पुस्तकें एवं 110 से अधिक शोध-पत्र प्रकाशित हो चुके है। प्रो श्रीवास्तव को सम्मान प्राप्त होने पर विश्वविद्यालय परिवार के प्रो अम्बिका दत्त शर्मा, प्रो नागेश दुबे, प्रो अशोक अहिरवार, डॉ संजय कुमार, डॉ नौनिहाल गौतम, डॉ किरण आर्य, डॉ पंकज सिंह, डॉ संजय बरोलिया, एवं डॉ प्रीति अनिल खंदारे सहित कई शिक्षकों, शोधार्थियों एवं अन्य लोगों ने बधाई दी।

## खबर संक्षेप

### भारतीय वायु सेना में आवेदन 8 जुलाई से

**सागर।** भारतीय वायु सेना (अग्निवीर) के लिए ऑनलाईन आवेदन 8 जुलाई से 28 जुलाई तक किये जाएगें। इच्छुक आवेदन वेबसाइट पर जाकर अपना पंजीयन करा सकते है। युवा आवेदक जिनका जन्म 03 जुलाई 2004 और 03 जनवरी 2008 के मध्य हुआ है, आवेदन करने के लिए पात्र है। शैक्षणिक योग्यता संबंधी जानकारी विज्ञापन या भारतीय वायु सेना भर्ती की उपरोक्त वेबसाईट से प्राप्त की जा सकती है। संबंधित लिंक एम.पी. रोजगार पोर्टल पर भी उपलब्ध है।




### एकता समिति द्वारा डॉक्टर्स का सम्मान

**सागर।** एकता समिति ने नेशनल डाक्टर डे पर डाक्टरों का सम्मान किया। समारोह में सेवानिवृत्त सिविल सर्जन डॉक्टर अरुण सराफ एवं टीबी विशेषज्ञ डॉक्टर डीके पिप्पल का पुष्पहार, शाल श्रीफल से सम्मान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी नीरज सेठ ने की । इस अवसर पर डॉक्टर अरुण सराफ ने नेशनल डाक्टर डे पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि हर इंसान को अपने स्वास्थ्य की प्रति सजग रहना चाहिए । डाक्टर पिप्पल ने कहा कि इस समय बारिश का मौसम चल रहा है। पानी को उबालकर पिए और बारिश के पानी में ना भीगे। राजेंद्र सोनी मामा ने डॉक्टर डे पर बहुत ही सुंदर गीत गाया। इस अवसर पर रशीद भाई, सुधीर जैन, प्रदीप समैया, शरद गुप्ता, चंपक भाई जैन, कमलचंद जैन, राजकुमार पड़ेले, अजीत जैन, प्रमोद पटेल, रमेश राजपूत, प्रमोद चौरसिया, विचार प्रकट किये कार्यक्रम का संचालन संजय शास्त्री ने किया। आभार व्यक्त सुधीर जैन ने व्यक्त किया।

### बेकलेन की सफाई रखने हेतु जागरूक किया गया

**सागर।** शासन के आदेशानुसार स्वच्छ भारत मिशन ( शहरी) अंतर्गत शहरी स्वच्छता को संवहनीय बनाए रखने एवं स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की तैयारियों के परिपेक्ष्य में नागरिक सहभागितासे विशेष सफाई अभियानों के अंतर्गत विभिन्न प्रकार की स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देश अनुसार 2 जुलाई को बैकलेंस ब्यूटीफिकेशन कैंपेन का आयोजन किया गया जिसमें शहर के आवासीय एवं सार्वजनिक क्षेत्र में स्थित बैकलेन को चिन्हित कर उनकी सफाई, रखरखाव के संबंध में नागरिकों को जागरूक करते हुए बेकलेन की सफाई कराकर वहां पर कीटनाशक पाउडर का छिड़काव कराया गया।

### जिले में अब तक 132.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**सागर।** सागर जिले में इस वर्षा सीजन में अभी तक 132.2 मि.मी. औसत बारिश दर्ज की गई है। जिले में स्थापित वर्षामापी केन्द्रों के रिकार्ड के अनुसार एक जून से आज तक बीना केन्द्र पर सर्वाधिक 204 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है। अधीक्षक, भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार जिले में स्थापित विभिन्न वर्षामापी केन्द्रों में एक जून से आज तक सागर केन्द्र में 124.4 मि.मी., जैसीनगर में 103 मि.मी., राहतगढ में 52 मि.मी., बीना में 204 मि.मी., खुरई में 127.2 मि.मी, मालथौन में 155.5 मि.मी., बण्डा में 89.5 मि.मी, शाहगढ में 88.5 मि.मी, गढ़ाकोटा में 151 मि.मी, रहली में 195 मि.मी, देवरी में 131.8 मि.मी. तथा केसली में 164.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।



## भार्गव भृगु ब्राह्मण समाज युवक-युवति परिचय सम्मेलन, मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान 28 जुलाई को

**सागर।** श्री भार्गव भृगु ब्राह्मण समाज द्वारा युवक युवती परिचय सम्मेलन, मेधावी छात्र छात्रा सम्मान एवं प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन 28 जुलाई को सागर के एम एस गार्डन तिलकगंज में किया जाएगा। सजातीय बंधुओ की बैठक में भार्गव भृगु ब्राह्मण समाज सागर संभाग एवं जिला इकाई की बैठक में अनेक निर्णय लिए गए, जिसमे अनेक समितियों के गठन भी किये गए। सर्व सम्मति से आयोजन समिति का अध्यक्ष राजकिशोर पुरोहित को बनाया गया। जिसका प्रस्ताव संभागीय अध्यक्ष बी एल दीक्षित ने रखा एवं अनुमोदन सागर जिला अध्यक्ष आशीष ज्योतिषी ने किया। बैठक में सागर संभाग के सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, पन्ना निवाड़ी एवं दमोह से प्रतिनिधि शामिल हुए जिनमे पुरषोत्तम मुन्ना चौबे, महेश दत्त भार्गव, महेश चौबे अवधेश दीक्षित शास्त्री, आदर्श ज्योतिषी, दीपक दुबे, दिनेश नारायण भार्गव, शैलेश पाठक, भूपेंद्र अग्निहोत्री, सुशील चतुर्वेदी, शिवशंकर दुबे, यशोवर्धन चौबे, राकेश चौबे, राकेश दुबे, राजेश चौबे, राजेश कुमार दुबे, सुनील कुमार दुबे, सौरभ तिवारी, रामसेवक पाठक, राजू पाण्डेय, देवकुमार चौबे, कृष्ण बिहारी सिलाकारी, निखिल पाठक, अमन अग्निहोत्री, सौरभ अग्निहोत्री, राजा दीक्षित, शुभम सिलाकारी आदि शामिल हुए।

## महिला ने कलेक्टर ऑफिस के गेट पर केरोसिन डालकर आत्मदाह का प्रयास किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



कलेक्टर ऑफिस के गेट पर मंगलवार दोपहर महिला ने केरोसिन डालकर आत्मदाह का प्रयास किया। बेटे और पुलिसकर्मी ने महिला से बोतल छीनी। महिला जमीन से जुड़ी शिकायत लेकर पहुंची थीं। उनका आरोप है कि बीजेपी पार्षद उनकी जमीन पर कब्जा करवा रहे हैं।

पुष्पा रैकवार बांदरी थानाक्षेत्र के पिठोरिया गांव की रहने वाली है। वे दोपहर 1.30 बजे बेटे रानेश रैकवार के साथ कलेक्टर कार्यालय पहुंचीं। कार्यालय में कोई अधिकारी नहीं मिला। पुष्पा ने आवक-जावक शिकायती आवेदन दे दिया। इसके बाद कलेक्टर कार्यालय के मुख्य गेट पर आकर बैठ गईं। उन्होंने कहा कि वे अधिकारियों से मिलकर ही अपनी समस्या बताएंगी। 1 घंटे बैठे रहने के बाद उन्होंने अपने बैग से केरोसिन की बोतल निकाली और खुद पर उड़ेलना शुरू कर दिया। इसके बाद तहसीलदार और सिटी मजिस्ट्रेट मौके पर पहुंचे और महिला की समस्या को सुना। पुष्पा ने बताया कि गांव में उनकी 8 एकड़ जमीन है। इस पर जितेंद्र रैकवार, लोकेंद्र सिंह राजपूत और सीता रैकवार कब्जा कर रहे हैं। सभी उनके ही गांव पिठोरिया के ही रहने वाले हैं। 16 जून की रात हमारी जमीन बखर ली है। उन्हें रोकने पहुंचे तो गुंडे बुलाकर धमकाया। बांदरी थाने में शिकायत की। एनसीआर (असंज्ञेय अपराध) दर्ज की गई।कलेक्टर और एसपी कार्यालय में पहले भी आवेदन दे चुके हैं। कोई सुनवाई नहीं हुई। मजबूरन यह कदम उठाना पड़ा। भाजपा नेता लोकेंद्र सिंह राजपूत 6 नंबर वार्ड से पार्षद हैं। वही जमीन पर कब्जा करवा रहे हैं। पुष्पा के बेटे रानेश रैकवार ने बताया कि गांव में हमारी खानादानी जमीन है, जो नाना छोटेलाल रैकवार से हमें मिली है। पिता सुखलाल और भाई मनोहर इस पर खेती करते आ रहे हैं।




## दीक्षारंभ प्रवेशोत्सव समारोह में नव प्रवेशित विद्यार्थियों को दी गई कई महत्वपूर्ण जानकारियां

**गढ़ाकोटा।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गढ़ाकोटा में मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग तथा यूजीसी के दिशा निर्देशानुसार नवप्रवेशित प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों का दीक्षारंभ प्रवेशोत्सव समारोह का आयोजन किया जा यहा है। इस समारोह के मुख्य अतिथि महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष शमिक कुमार शर्मा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के तत्कालीन प्रभारी प्राचार्य डॉ घनश्याम भारती ने की। कार्यक्रम का संचालन डॉ कल सिंह पटेलिया ने किया। सरस्वती वंदना प्रथम वर्ष की छात्रा क्रांति लोधी ने तथा स्वागतगीत मुस्कान कुर्मी तथा स्वाति कुर्मी ने प्रस्तुत किया। इस समारोह में स्नातक प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग की कई महत्वपूर्ण योजनाओं से अवगत कराया गया। छात्रवृत्ति, राष्ट्रीय सेवा योजना, स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना, संवल कार्ड योजना, गांव की बेटी योजना, प्रतिभा किरण योजना, निःशुल्क पुस्तक वितरण योजना तथा खेलकूद से संबंधित जानकारियां दी गईं। मुख्य अतिथि शमिक कुमार शर्मा ने कहा कि महाविद्यालय का संघर्ष बहुत पुराना रहा है, गढ़ाकोटा महाविद्यालय में विद्यार्थियों को कई महत्वपूर्ण सुविधाएं उपलब्ध हैं, विद्यार्थी मन लगाकर अध्ययन करें तथा अपना भविष्य उज्जवल करें। उन्होंने खेलकूद पर भी विस्तृत चर्चा की। प्रभारी प्राचार्य डॉ घनश्याम भारती ने स्वागत भाषण दिया तथा शासन की कई महत्वपूर्ण योजनाओं के साथ छात्रवृत्ति योजना की विस्तृत चर्चा की। डॉ सुनील विश्वकर्मा ने व्यक्तित्व विकास तथा समस्त विभागों और पाठ्यक्रमों का परिचय दिया। करियर प्लेसमेंट पर भी चर्चा की। डॉ कल सिंह पटेलिया ने पाठ्येतर गतिविधियों का परिचय दिया। बृजलाल अहिरवार ने विज्ञान की कक्षाएं तथा प्रयोगशाला पर विस्तार पूर्वक बताया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में नव प्रवेशित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## शरद कांत सोनी, रोटरी क्लब सागर सेंट्रल के नए अध्यक्ष व डा विनोद ठाकुर सचिव बने

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




रोटरी क्लब सागर सेंट्रल के नए सत्र की शुरुआत 1 जुलाई से हो गयी है । इसमें किये जाने वाले सेवा सेवा प्रकल्पों की रूप रेखा बनाने के लिए विशेष सभा की बैठक का आयोजन विगत दिनों किया गया। नए सत्र 2024-25 के लिए अध्यक्ष पद हेतु रो शरद कांत सोनी का सचिव हेतु रो डा विनोद ठाकुर व कोषाध्यक्ष हेतु रो माधव सोनी का मनोनयन किया गया। आगामी सत्र 2025-26 के लिए अध्यक्ष रो अभिनय जैन को मनोनीत किया गया है। इस बर्ष के सफल संचालन के लिए संचालक मंडल का गठन भी किया गया। रोटरी के नए सत्र में सेवा प्रकल्पों की श्रृखंला में रक्तदान शिविर, डाक्टर्स का सम्मान समारोह, चिकित्सा उपकरण बैंक /प्राकृतिक चिकित्सा प्रकल्प, जैसे अनेकों सेवाभावी प्रकल्पों को मूर्तरूप देने की योजना है। पर्यावरण सुरक्षा हेतु इस सीजन में पौधों को लगाने के साथ ही उन्हें विशेषकर उन्हें बड़ा करने जिम्मेदारी भी सदस्यों को दी जाएगी। जिससे पर्यावरण सुरक्षित रखने का लक्ष्य हासिल हो सके ।

## नवीन अपराध अधिनियम-2023 विषय पर जन जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया

**सागर।** पुलिस प्रशिक्षण शाला में विशेष पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण संजय झा, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक सुश्री सोनाली मिश्रा के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक पुलिस प्रशिक्षण शाला दिनेश कुमार कौशल के मार्गदर्शन में आज नवीन अपराध अधिनियम-2023 विषय पर जन जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें नगर सुरक्षा समिति के 15 एवं प्रशिक्षण शाला सागर के आसपास के क्षेत्र के 20 महिला /पुरूष सम्मिलित हुये। शिविर में पुलिस मुख्यालय की प्रशिक्षण शाखा द्वारा निर्मित लघु फिल्म अब न बचोगे बच्चू का प्रदर्शन कराया गया। नवीन अपराध अधिनियमों महत्वपूर्ण जानकारी के अंतर्गत ई एफआईआर जीरो एफआईआर तलाशी जब्ती एंव पूंछताछ परीक्षण में ऑडियों वीडियो तकनीक के प्रयोग महिलाओं एवं बच्चों के प्रावधान न्यायालय की प्रक्रिया शीघ्र अतिशीघ्र संपन्न कराये जाने संबधी प्रावधान की समुचित जानकारी दी गई । पुलिस अधीक्षक पीटीएस दिनेश कौशल ने बताया कि नवीन कानूनों में पुलिस की जवाबदेही, पारदर्शिता बढाइ गई है एवं समस्त न्याय प्रक्रिया का व्यापक डिजीटलीकरण किया गया है। शिविर में पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार कौशल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लवली सोनी, उप पुलिस अधीक्षक सिसौदिया एवं समस्त पीटीएस स्टाफ उपस्थित रहा ।



## निगम आयुक्त व वार्ड पार्षद मेघा दुबे ने अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण

**सागर।** नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने मंगलवार को प्रातः चंद्रशेखर वार्ड पार्षद सुश्री मेघा दुबे के साथ लक्ष्मी अगरबत्ती फैक्ट्री के पीछे स्थित पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण निचले क्षेत्र में होने वाले जल भराव स्थल का निरीक्षण किया और बारिश के दौरान होने वाले जल भराव के संबंध में वार्ड पार्षद और नगर निगम के इंजीनियर के साथ ही स्थानीय नागरिकों से चर्चा कर उनसे सुझाव लेकर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। लक्ष्मी अगरबत्ती फैक्ट्री के पीछे चंद्रशेखर वार्ड में एक ओर पहाड़ी क्षेत्र है जिसके कारण ऊपर से बहकर आने वाला पानी निचले क्षेत्र में भरने और उसके निकास की उचित व्यवस्था न होने के कारण जल भराव होता है, इस समस्या का समाधान करने निगम आयुक्त राजकुमार खत्री संबंधित वार्ड पार्षद सुश्री मेघा दुबे के साथ पहुंचे और उन्होंने इस क्षेत्र का बारीकी से निरीक्षण किया और यहां एकत्रित होने वाले पानी को बाहर निकालने के स्थाई समाधान के संबंध में चर्चा की और संबंधित इंजीनियर को निर्देश दिए कि इस क्षेत्र का ड्रोन सर्वे कराया जाए क्योंकि यहां एकत्रित पानी को बाहर निकालने हेतु नाला निर्माण कराना आवश्यक है। इसके अलावा पहाड़ की ओर से गिरने वाले पानी का ढाल बनाया जाए, और जिस प्रकार तालाब टेपिंग के दौरान चेंबर बनाए गए हैं उसी प्रकार यहां भी चेंबर बनाए जाना तथा ढाल देकर नाला का निर्माण कराना आवश्यक है।

### निजी भूमि पर पौधरोपण करने के लिए नगर निगम उपलब्ध कराएगा पौधे

## नागरिकगण अपने पूर्वजों की स्मृति में व बच्चों के जन्मदिन पर पौधा लगाकर उसकी देखभाल करें: निगम आयुक्त खत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



शहर में अधिक से अधिक संख्या में वृक्षारोपण करने के लिए शासकीय प्रयासों के अलावा हर नागरिकगण भी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करने आगे आकर अपने-अपने पूर्वजों की स्मृति में, बच्चों के जन्मदिन अथवा खुशी के मौके को यादगार बनाने के लिए एक पौधा अवश्य लगाकर उसके बड़े होने तक देखभाल करें, इसके अलावा नगर निगम के साथ-साथ जनप्रतिनिधि और नागरिक भी वृक्षारोपण कार्य में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाते हुए पौधों को गोद लेकर उनकी देखभाल की जिम्मेवारी लें तो लगाए गए पौधे बड़े होकर पर्यावरण के लिए लाभकारी होंगे। यह बात नगर निगम आयुक्त ने महलवार देवी मंदिर के सामने स्थित मैदान में वार्ड पार्षद प्रतिनिधि अमन चौरसिया और स्थानीय नागरिकों के साथ सप्तकणी के पौधे का रोपण करते हुए कही । परिसर में किए गए वृक्षारोपण के दौरान सप्तकणी के साथ-साथ गुलमोहर के पौधो का रोपण भी किया गया। उन्होंने नागरिकों को शहर में अधिक से अधिक संख्या में वृक्षारोपण करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि अगर नागरिक अपनी निजी भूमि पर वृक्षारोपण कराना चाहते हैं तो उन्हें पौधों की व्यवस्था नगर निगम द्वारा की जाएगी । इसी प्रकार नगर में स्थित सरकारी कार्यालय परिसर के आसपास खाली पड़ी भूमि, स्कूल परिसरों के आसपास खाली पड़ी भूमि के साथ निजी भूमि जिस पर उनके भूमि स्वामी वृक्षारोपण करना चाहते हैं ऐसे स्थानों को चिन्हित कर वृहद वृक्षारोपण किया जाएगा, ताकि हमारा शहर हरा-भरा बन सके और गर्मी में यही पौधे बड़े होकर हमें शीतल छाया प्रदान कर सकें।

**खबर संक्षेप**

### सुपर 100 परीक्षा का आयोजन 7 व 8 को

**टीकमगढ़।** मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा सुपर-100 परीक्षा 2024 का आयोजन 7 जुलाई 2024 एवं 8 जुलाई 2024 को जिले स्तर के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर होगा। 7 जुलाई 2024 को प्रथम पाली में सुबह 10:30 बजे से एक बजे तक कक्षा 11वीं में जेईई की तैयारी के लिये एवं द्वितीय पाली में दोपहर 2:30 बजे से 5 बजे तक कक्षा 11वीं में एनईईटी की तैयारी हेतु सुपर-100 प्रवेश परीक्षा आयोजित होगी। इसी प्रकार 8 जुलाई 2024 को प्रथम पाली में सुबह 10:30 बजे से एक बजे तक कक्षा 11वीं में सीएलएटी की तैयारी हेतु प्रवेश परीक्षा आयोजित होगी। इस परीक्षा में जिला स्तर पर कुल 59 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले कुल छात्र संख्या 12 हजार 015 है। चयनित विद्यार्थियों का प्रवेष शासकीय सुभाष उत्कृष्ट उमावि भोपाल एवं शासकीय उमावि मल्हार आश्रम इंदौर में होगा। सुपर-100 परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र पोर्टल पर एप्लीकेशन नम्बर या एमपीबीएसई रोल नम्बर के आधार पर निकाल सकते हैं।

### जेल में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित



**टीकमगढ़।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देषानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टीकमगढ हितेन्द्र सिंह सिसौदिया के मार्गदर्शन में जिला जेल परिसर टीकमगढ़ में बंदियों के परिजन एवं आमजन के हितार्थ विधिक साक्षरता शिविर किया गया। शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टीकमगढ़ वरूण पुनासे ने उपस्थित बंदियों के परिजन एवं आमजन को लागू हुए नवीन तीन कानून अर्थात भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सभी निरूद्ध बंदीगण को निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान किए जाने का विधि का प्रावधान है तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सदैव विधिक सलाह एवं सहायता प्रदान करने के लिए तत्पर है। कार्यक्रम में सहायक अधीक्षक पंकज कुशवाहा, जेल शिक्षक सियाराम यादव विधिक सहायक दीपेश जैन, जेल स्टाफ एवं बंदीगण उपस्थित रहे।

### लायंस क्लब ने डॉक्टर्स को सम्मानित किया

**विदिशा।** लायंस क्लब सनराइज ने डॉक्टर एवं चार्टर एकाउंटेंट दिवस पर सनराइज क्लब द्वारा डॉक्टर प्रीति कौर, डॉ ज्योति साहू, डॉ रवि साहू का शॉल श्रीफल से सम्मान किया। साथ ही हंगर गतिविधि के तहत मानव सेवा न्यास में 80 निराश्रित लोगों को भोजन कराया। इस अवसर पर क्लब प्रेसिडेंट लायन अनामिका पचौरी, कोषाध्यक्ष लायन डॉ प्रीति कौर, लायन शालिनी भार्गव, जीएस चौहान, लायन अमोल अग्रवाल, लायन शोभित भार्गव, लायन रोहित गर्ग उपस्थित रहे।

### किसानों ने चक्काजाम करने की चेतावनी दी

**कागपुर।** हिनौतिया सब स्टेशन के ग्राम सुरई मूडरा, ग्राम परस परसोरा, ग्राम कोलींज़ा व ग्राम छापखेड़ा के किसानों ने परसोरा पंप लाइन के सही ढंग से न चलने पर 3 दिन बाद चक्का जाम करने की चेतावनी दी है। भारतीय जनता युवा मोर्चा के नटेरन मंडल अध्यक्ष संजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि परसोरा पंप लाइन पर कभी भी पेट्रोलिंग नहीं जाती। न ही कभी परसोरा पंप लाइन पर कोई लाइन मेन को देखा है । जिस वजह से लाइन 10 घंटे की जगह सिर्फ़ 1 या 2 घंटे मिल रही है जिससे कृषि कार्य प्रबाधित हो रहा है। जिससे सभी किसानों में रोष व्याप्त है। यदि परसोरा पंप लाइन को सही ढंग से नहीं चलाया जाता है तो सभी किसान हिनौतिया हाईवे पर चक्काजाम के लिए मजबूर होंगे।

# यातायात पुलिस ने बसों सहित ई-रिक्शों पर की चालानी कार्रवाई, स्कूली बसों के चेक किए परमिट और फिटनेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



यातायात पुलिस ने शहर में चल रही बिना परमिट एवं फिटनेस स्कूल बसों और बिना नंबर प्लेट ई-रिक्शाओ पर चालानी कार्रवाई की है।

पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ रोहित काशवानी के दिशा निर्देश पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम, अनुविभागी अधिकारी पुलिस राहुल कटरे के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस टीकमगढ़ ने शहर में संचालित स्कूल की बसों के आज एक अभियान चला कर समस्त दस्तावेजों की जांच की है। जिसमें परमिट, फिटनेस, फर्स्ट एड बॉक्स, अग्नि शमन यंत्र और प्रदूषण चैक किए, कमी पाए गए बसों पर पांच हजार रुपए की चालानी कार्यवाही की गई। इसके साथ ही बिना नम्बर प्लेट चल रहे 18 ई-रिक्शा वाहनों को जब्त कर मोटर व्हीकल एक्ट के अन्तर्गत चालानी कार्यवाही कर चालको को हिदायत दी गई। जिसमे उन्हें वर्दी पहनना, समस्त दस्तावेज पूर्ण करना, ओवर सवारी न ले जाने के लिए बताया गया।

उक्त कार्रवाई में सुबेदार आर्या पाराशर, प्रधान आरक्षक लतीफ, आरक्षक आदित्य, अवधेश, आनंद मौजूद रहे। उक्त अभियान प्रत्येक थाना चौकी स्तर पर शीघ्र ही प्रारंभ किया जाएगा, यातायात पुलिस ने सभी वाहन चालकों से अनुरोध है कृपया बाइक चलाते समय हेलमेट का एवं चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का इस्तेमाल अनिवार्य रूप से करें सुरक्षित रहें सुरक्षित घर पहुंचे। टीकमगढ़ पुलिस आपकी सुरक्षा में हमेशा तत्पर है।

### कृषि विभाग व किसान कल्याण अधिकारी के नाम मागों को लेकर सौंपा ज्ञापन



**टीकमगढ़।** भारतीय किसान संघ जिला टीकमगढ़ ने कृषि विभाग व कल्याण अधिकारी दिनेश शर्मा के नाम ज्ञापन सौंपा है तथा अपनी मांगों को जल्द से जल्द पूर्ण करने की बात कही है।

संघ द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि शासन द्वारा जो एमपी किसान पोर्टल में रजिस्ट्रेशन किसानों को कराने थे वे एप साइट शुरू न होने से किसानों के रजिस्ट्रेशन नही हुए अतः बीज जिले के सभी किसानों को बीज की उपलब्धता करायी जाए।, जिले के जिन वेयरहाउसों में अमानक बीज है उनकी जांच कर कार्यवाही की जाए।, सभी वेयरहाउस व बीज भण्डारों को निर्देशित किया जाए कि बिना बिल बीज विक्रय करना अपराध होगा।, जिले के सही बीज व दवा विक्रेताओं की नियमित जांच कर अमानक बीज व दवा न रखने को निर्देशित किया जाए।, सभी दुकानों पर बीज व दवाओं की रेट सूची चस्पा करायी जाए जिससे किसानों के साथ हो रही लूट को रोका जा सके। भारतीय किसान संघ ने कहा कि अगर शीघ्र ही कार्यवाही नहीं होती है तो हम आंदोलन की राह पर होगा। ज्ञापन देने वालों में टीकमगढ़ तहसील अध्यक्ष रामचंद्र श्रोती, जिला जैविक खेती प्रमुख रामगोपाल विश्वकर्मा, तहसील मंत्री निर्देश अहिरवार, वीर सिंह ठाकुर, राजपाल यादव, राजा बेटी आदिवासी, बृजलाल अहिरवार, छिदामी आदिवासी आदि उपस्थित रहे।

## भाजयुमो ने किया राहुल गांधी का पुतला दहन, हिंदू वाले बयान पर की निंदा की



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

**मंगलवार को स्थानीय सिंधी धर्मशाला चौराहे के पास भारतीय जनता युवा मोर्चा ने जिलाअध्यक्ष इंजी अभय प्रताप सिंह यादव की मुख्य उपस्थिति में युवा मोर्चा नगर मंडल अशोक मैडी राय सहित के नेतृत्व में राहुल गांधी का पुतला दहन किया।**

भाजयुमो जिला अध्यक्ष इंजी.अभय प्रताप सिंह यादव ने बताया कि भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा नगर मंडल के नेतृत्व में आज राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया है, राहुल गांधी का संसद का हिंदू विरोधी बयान कांग्रेस पार्टी की मानसिकता को दर्शाता है, जहां हिंदुओं का विरोध करते-करते वह भारतीय संस्कृति व सभ्यता का विरोध करने पर खुलेआम उतर आए हैं, इसलिए भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा उनका पुतला दहन किया गया और युवा मोर्चा उनके बयान की कड़ी निंदा करता है। पूर्व विधायक राकेश गिरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की हिंदू विरोधी मानसिकता है जो उनके बयानों में साफ देखी जा सकती है, उन्हें संसद में दिए बयान हिंदू हिंसक होते हैं पर सबके बीच माफी मांगे। युवा मोर्चा के साथ पुतला दहन में भाजपा के नेता महामंत्री अश्विनी चढ़ार, आशुतोष भट्ट, नरेश तिवारी, रोहित वैसाखिया, पंकज प्रजापति, अरविंद श्रीवास्तव, अरविंद खटीक, देवेंद्र नापित, प्रवीण नामदेव, श्याम यादव, आदित्य योगी, विनय सेन, अंकित तिवारी, उत्कर्ष श्रीधर, जितेंद्र जैकी यादव, स्वप्निल तिवारी, अशोक मेडी राय, धर्मेंद्र परमार, अर्जुन यादव, संस्कार रजक,मनोहर अहिरवार, हिमांशु तिवारी सहित बड़ी संख्या में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**5 जुलाई को मनाया जाएगा सद्गुरू जन्म महोत्सव**

# सदाशिव महोत्सवः छिपरी गांव में सुंदरकांड से प्रारंभ हुआ महोत्सव का चौथा दिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

**जिले के ग्राम छिपरी में प्राकट्य महोसव का आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव के चतुर्थ दिवस का प्रारंभ दैनिक अनुष्ठानों की श्रृंखला के साथ शुरू हुआ। इसके साथ ही श्रीमद्भागवत कथा के मंच से मंगलवार के दिन श्रीसुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया।**



प्रतिदिन देश के विभिन्न हिस्सों से शिष्य और भक्त संत श्रीरावतपुरा सरकार महाराजजी का आशीर्वाद लेने के लिए लगातार पहुँच रहे हैं। वहीं खुशनुमा मौसम के बीच भगवान सदाशिव की 61 फिट ऊँची प्रतिमा जैसे हर क्षण एक नए स्वरूप में लोगों को दर्शन दे रही है और मंत्रमुग्ध कर रही है। श्रीमद्भागवत कथा के मंच से कथा व्यास पंडित सुरेन्द्र शास्त्री महाराज ने भगवान और भक्त के बीच प्रेम संबंध को विस्तार देते हुए बताया कि भगवत कृपा भक्ति, विश्वास से प्राप्त होती है और जब ये प्राप्त हो जाए तो व्यक्ति अहंकार रहित हो जाता है के बारे में विस्तार से बताया। वहीं मेले में आसपास के कस्बों व ग्रामीण क्षेत्रों से आए श्रद्धालु आनंद लेते हुए नज़र आए। वहीं संध्या की बेला में इंडियन आइडल फेम सवई भट्ट ने अपने शानदार भक्ति गीतों से लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस सात दिवसीय उत्सव में प्रतिदिन प्रदेश सहित अन्य प्रदेशों के हजारों लोग यहाँ पुण्य लाभ अर्जित करने पहुंच रहे हैं।



**शुक्रवार को अंतिम दिन होगा विशाल भंडारा :**

सदाशिव महोत्सव के अंतिम दिन 5 जुलाई को विशाल भंडारा होगा। जिसके लिए करीब 5 एकड़ में तैयारी चल रही है। छिपरी में मां शारदा की करीब 61 फीट ऊंची बुंदेलखंड की सबसे ऊंची शिव प्रतिमा बनाई गई है। 5 जुलाई को मप्र के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव प्रतिमा का लोकार्पण करेंगे। साथ ही संत श्री रविशंकर महाराज 'रावतपुरा सरकार' महाराज का जन्म महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया जाएगा।

### देवी अहिल्याबाई होल्कर समिति की घोषणा हुई

**विदिशा।** शरद स्मृति न्यास ने सम्राट गार्डन में देवी अहिल्याबाई होल्कर की जन्मतिथि शताब्दी समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विभाग संघचालक सुरेश देव, प्रांतीय सचिव देवी होलकर समिति मध्य भारत प्रांत वंदना गांधी, विभाग कार्यवाह नवीन जोशी मौजूद रहे। मुख्य वक्ता डॉक्टर वंदना गांधी द्वारा महारानी अहिल्याबाई की होल्कर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया की देवी अहिल्याबाई महान शासक थी जब महिलाओं के लिए शिक्षा ,राजनीति और शासन में भाग लेना अत्यंत कठिन काम था, लेकिन उन्होंने समाज की रूढ़िवादी धारणाओं को पार करते हुए न केवल शक्तिशाली राज्य पर शासन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुरेश देव द्वारा पुण्य श्लोक देवी अहिल्याबाई होल्कर शताब्दी समारोह समिति की घोषणा की। जिसमें अध्यक्ष डॉक्टर लक्ष्मीकांत मरखेड़कर , उपाध्यक्ष अलका ओसवाल, योगेंद्र राणा, विकास पचौरी, सचिव रामकमल रघुवंशी शहर सहसचिव वर्षा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष गजेंद्र पाल सिंह ,सदस्य दिलीप देसाई, योगेंद्र त्रिपाठी ,भावना त्यागी, देवेंद्र वर्मा,विवेक अग्रवाल, महेंद्र लोधी, सौरभ मराठे, प्रमोद चौहान , रितु उदयवाल, वेदिका मेहता , तरुण ताम्रकार, सुमन सोनी, शैलेश रघुवंशी ,कमलेश जैन, दीपक पाल, लखन सिंह जाट आदि नामों की घोषणा की। कार्यक्रम में मंच संचालन प्रेम सिंह धाकड़ द्वारा किया गया।

### नवजात शिशुओं को बेबी किट का वितरण

**विदिशा।** महावीर इंटरनेशनल ने अपनी स्थापना की 50वीं वर्षगांठ मना रहा है। इसी उपलक्ष्य में सम्पूर्ण देश के केन्द्रों द्वारा जिला चिकित्सालय के मैटरनिटी वार्डों में नवजात शिशुओं को 100 बेबी किट का वितरण किया गया। इन हाइजीनिक किटों को बांटने का उद्देश्य है कि नवजात शिशु संक्रमण से मुक्त रहे, एवं उन्हें किसी प्रकार की बीमारी ना हो। इस अवसर पर विदिशा केंद्र के अध्यक्ष वीर राजकुमार गुप्ता, भोपाल जॉन के जॉन चेयर पर्सन वीर जीएस चौहान, केंद्र के सचिव वीर सुनील जैन, कोषाध्यक्ष भी अवनेश जैन, पूर्व अध्यक्ष वीर विक्रम जैन, वरिष्ठ सदस्य वीर दिनेश गुप्ता एवं वीरा रेखा गुप्ता उपस्थित रहीं।

## कथा अव्यवस्थाः ज्ञापन सौंपकर कहा, पहले कथा स्थल को इंसानों के बैठने लायक बनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



विदिशा। ज्ञापन सौंपकर कथा स्थल पर व्यवस्थाएं दुरुस्त करने की मांग की।

गिरधर कॉलोनी में चल रही शिवमहापुराण कथा में अव्यवस्था और श्रद्धालुओं को हो रही परेशानी एवं जिला प्रशासन व नपा की लापरवाही के खिलाफ भ्रष्टाचार उन्मूलन संघर्ष समिति ने कलेक्टर के नाम डिप्टी कलेक्टर संतोष बिटोलिया को सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया कि कथा स्थल पर महिलाएं, बुजुर्ग बच्चे भयंकर कीचड़ की गंदगी में बैठकर कथा सुन रहे हैं। भ्रष्टाचार उन्मूलन संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष रवि साहू के नेतृत्व में सौंपे ज्ञापन में रवि साहू ने कहा कि कथा स्थल पूर्व में कृषि उपज मंडी में तय था जहां सीसी रोड थी जबकि वर्तमान कथा स्थल एक खेत नुमा कालोनी में है। जहां काली मिट्टी होने से चारों तरफ कीचड़ ही कीचड़ और गंदगी फैली हुई है। रवि साहू ने कहा कि महिला श्रद्धालु, बुजुर्ग, बच्चे सब परेशान हो रहे हैं। रवि साहू ने इस अव्यवस्था के लिए आयोजन समिति जिला प्रशासन और कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा को ठहराया। ज्ञापन में मांग की गई है कि कथा स्थल पर तत्काल जिला प्रशासन और नगर पालिका गिट्टी की चूरी और मुरम डलवाकर कथा स्थल को इंसानों के बैठने योग्य बनाएं।

### जमीन हथियाने बहन जीजा और भांजे के साथ कर दी मारपीट

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** सिरोंज तहसील के कचनारिया गांव निवासी कोशा बाई अपने पति धन्नालाल और बेटे नरपत सिंह के साथ एसपी कार्यालय पहुंची। जहां उन्होंने शिकायत करते हुए अपने सगे भाई लक्ष्मण सिंह पर मारपीट और जमीन हथियाने का आरोप लगाया। घायल निरपत सिंह और उनके भाई ने बताया कि 20 सालों से उनका परिवार कब्जे की जमीन से गुजर बसर करता है। उसी जमीन पर मामा लक्ष्मण सिंह की नजर है। जो उसे हथियाना चाहते हैं। जमीन पर कब्जा करने की नीयत से उन्होंने अपनी बहन कोशा बाई, जीजा धन्नालाल, भांजे निरपत सिंह के साथ मारपीट की। पुलिस में इस बात की शिकायत की गई लेकिन पुलिस सुनवाई नहीं कर रही। 25 जून को हुई इस घटना के बाद से अब तक पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न करने पर परिजनों ने एसपी कार्यालय पहुंचकर कार्रवाई की मांग की।

## नीट व नर्सिंग कॉलेज घोटाले के विरोध में कांग्रेस ने पूर्व चिकित्सा शिक्षा मंत्री सारंग का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



**विदिशा।** नर्सिंग कॉलेज और नीट परीक्षा घोटाले के विरोध में प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

प्रदेश के नर्सिंग कॉलेज में हुए घोटाले को लेकर कांग्रेस सड़कों पर उतर आई है। सोमवार को कांग्रेस पार्टी ने नीट परीक्षा और नर्सिंग कॉलेज में हुए घोटाले को लेकर प्रदर्शन किया। कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहित रघुवंशी के नेतृत्व में पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने विवेकानंद चौराहे पर पूर्व चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग का पुतला फूंका। इस दौरान पुलिस ने पुतला छीनने की काफी कोशिश की। लेकिन कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने पुतला नहीं ले जाने दिया।

इसके बाद कांग्रेसी पदाधिकारी और कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मप्र में नर्सिंग कॉलेज के घोटाले को बड़ा घोटाला बताते हुए पूर्व मंत्री और अन्य अधिकारी जो इस घोटाले में लिप्त हैं उनके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। इस दौरान कांग्रेस की पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं में प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी की आव्हान पर सोमवार पूरे प्रदेश में मंत्री विश्वास सारंग का पुतला दहन किया गया। इतनी बड़ी संख्या में फर्जी नर्सिंग कॉलेज को मान्यता देकर छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ किया है। इसमें चिकित्सा शिक्षा मंत्री को भूमिका भी संदिग्ध है। इस मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई होनी चाहिए।

# डॉक्टर्स-डे पर चिकित्सकों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



**विदिशा।** डॉक्टर्स डे पर डॉक्टर सुमन राय की स्मृति में मेडिकल टीचर एसोसिएशन के द्वारा मेडिकल कॉलेज गार्डन में पौधरोपण किया गया।

डॉक्टर्स डे के अवसर पर सोमवार को जिला चिकित्सालय में चिकित्सकों का सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन डॉ शिरिष रघुवंशी ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ योगेश तिवारी एवं चिकित्सालय में कार्यरत चिकित्सकों का शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मान किया है।

सिविल सर्जन डॉक्टर शिरिष रघुवंशी ने बताया कि डॉक्टर डे मनाने की खास वजह यह है कि यह दिन महान चिकित्सक और पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री डॉ विधान चंद्र राय की जयंती के साथ उनकी पुण्यतिथि का भी प्रतीक है। चिकित्सा जगत में उनके द्वारा की गई अनुकरणीय सेवाओं के लिए उनकी याद में डॉक्टर्स डे मनाया जाता है। डॉक्टर डे के अवसर पर चिकित्सकों द्वारा रक्तदान भी किया गया चिकित्सालय के वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा जनहित मे चिकित्सकीय योगदान के लिए सिविल सर्जन डॉक्टर शिरिष रघुवंशी द्वारा डॉक्टर अनूप वर्मा, डॉक्टर आरएल सिंह, डॉक्टर प्रतिभा ओस्वाल, डॉक्टर राकेश सक्सेना, डॉक्टर समीर किरार, डॉक्टर राकेश अहिरवार को शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर अन्य सभी चिकित्सको द्वारा चिकित्सा के क्षेत्र में दिए जा रहे सराहनीय योगदान के लिए प्रमाण पत्र प्रदाय किये। इस अवसर पर जिला अस्पताल से सेवा निवृत कर्मचारी केदार नाथ मालवीय का विदाई समारोह भी आयोजित किया गया। सिविल सर्जन डॉक्टर शिरिष रघुवंशी द्वारा उन्हें फूलमाला पहनाकर शॉल श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सुरेंद्र सोनकर द्वारा किया गया।

## जमीनी विवाद में भाईयों और उनके बच्चों पर किया जानलेवा हमला

**विदिशा।** कुरवाई थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले दांगी परिवार के सदस्यों के बीच में जमीन विवाद को लेकर जमकर मारपीट हुई थी। घटना गुरुवार की है।

सोमवार को घायलों के परिजन एसपी कार्यालय में परिवार के सदस्य घायलों को एंबुलेंस से लेकर पहुंचे। एसपी को ज्ञापन देते हुए मारपीट करने वाले अपने ही परिजनों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। एक पीड़ित ने बताया कि वह चार भाई हैं। उनमें से एक भाई प्रहलादसिंह द्वारा अन्य भाइयों उनके बेटों और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ में लाठी परसों डंडों से हमला कर घायल किया गया। इस मारपीट में प्रहलाद के साथ उनके बेटे, साले और अन्य लोग शामिल थे। एसपी से इस मामले में आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस घटना की कुरवाई थाने में भी एफआईआर दर्ज कराई गई थी, लेकिन आरोपियों पर अब तक कोई कार्रवाई पुलिस द्वारा नहीं की गई। चार से पांच घायलों को कुरवाई से रेफर कर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

परिजनों का विलाप देख रो पड़ी हर आंख, सात मृतकों का तीन गांवों में हुआ अंतिम संस्कार

# शव पहुंचते ही पसरा मातम, सुनाई दिया तो बस परिजनों का करूण रूदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

सोमवार की शाम को कैलादेवी के दर्शन करके लौट रही श्रद्धालुओं से भरी बोलेरो राजस्थान के करौली जिले में पत्थरों से भरे ट्रक की टक्कर लगने से भीषण हादसे का शिकार हो गई। हादसे के दौरान बोलेरो में सवार 9 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में श्योपुर जिले के दो गांवों के 7 लोग शामिल थे। मृतकों में भूतकछा गांव के दो भाई बहन और उनकी मां सहित तीन लोग शामिल है, जबकि टर्राखुर्द के तीन भाई बहन और उनकी मां शामिल मृतको में शामिल थी। जिनका पीएम राजस्थान के करौली जिला अस्पताल मे किया गया।

मंगलवार को इन सभी के शव जब गांवों में पहुंचे तो तीनों गांवों में मातम छा गया। सुनाई दे रहा था तो सिर्फ परिवार के लोगों का करूण रूदन। परिवार के बच्चों की चीखें सन्नाटे को चीर रहीं थीं। पूरे गांव में रोने की आवाज दूर तक गूंज रही थी, जिसने सुना वह परिजनों को ढांढस बंधाने दौड़ पड़ा। गांव में चूल्हे नहीं जले, हर कोई बस यही कह रहा था कि हे भगवान ये क्या हो गया। यहां बता दें कि इस हादसे में ग्राम भूतकछा के अतुल 22 पुत्र सुरेश रावत, अतुल की मां विमला रावत 50 वर्ष तथा अतुल की बहन हेमलता रावत 26 वर्ष की मौत हो गई। जबकि टर्राखुर्द में पिस्ता बाई 50 वर्ष पुत्र जगमोहन रावत, उसका बेटा भानू रावत पुत्र जगमोहन 22 वर्ष तथा उसकी दो शादीशुदा बहने सोनम 22 वर्ष, हीरा बाई 20 वर्ष की इस हादसे में मौत हो गई।



### सिर्फ तीन साल की काजल लौटी सकुशल

ग्रामीणों के मुताबिक कैलादेवी के दर्शन करने के लिए भूतकछा के सुरेश रावत और टर्राखुर्द निवासी उसके जीजा जगमोहन रावत के परिवार के 8 लोग गए थे। जबकि राजस्थान के उनके रिश्तेदार भी उनके पास कैलादेवी दर्शनों के लिए बोलेरो में सवार हो गए थे। दर्शन कर वापस लौटते वक्त इनकी बोलेरो गाड़ी करौली जिले में हादसे का शिकार हो गई। जिसमें भूतकछा और टर्राखुर्द से गए 8 लोगों में से 7 लोगों की मौत हो गई। सिर्फ तीन साल की काजल सकुशल वापस लौटकर आई है।

### एक ही चिता पर हुआ तीनों मां बेटों का अंतिम संस्कार, रो पड़ा पूरा गांव

मंगलवार को अतुल और उसकी मां विमला बाई और बहन हेमलता के शव भूतकछा गांव में पहुंचे। जबकि पिस्ता बाई और उसके बेटे भानू रावत के शव टर्राखुर्द पहुंचे। हीरा बाई और सोनम की शादी कुछ समय पहले ही हुई थी इसलिए उनके ससुराल वाले इनके शवों को उनकी ससुराल अर्रोदरी लेकर चले गए। इसलिए तीनों गांवों में शवों के पहुंचते ही मातम पसर गया। परिवार के लोगों की आंखों से आंसुओं की धार बहने लगी। भूतकछा गांव में तीनों मां, बेटे और बेटी का अंतिम संस्कार एक ही चिता पर किया गया। जबकि टर्राखुर्द में मां बेटे और अरोर्दरी में दो शादीशुदा बहनों का अंतिम संस्कार हुआ। अंतिम संस्कार में गांव के पूरे लोग शामिल हुए। परिजनों का विलाप देखकर पूरा गांव रो पड़ा।

### बुझ गया घर का इकलौता चिराग

सोमवार की शाम को यह हादसा कैलादेवी के दर्शन कर वापस लौटते वक्त घटित हुआ। जिसमें टर्राखुर्द निवासी जगमोहन रावत का पूरा परिवार ही खत्म हो गया। इस हादसे में उसकी पत्नी पिस्ता बाई, दो शादीशुदी बेटियों सहित इकलौते बेटे भानू रावत की मौत हो गई। भानू चार बेटियों के बीच इकलौता बेटा था। उधर भूतकछा के सुरेश रावत ने भी इस हादसे में अपनी पत्नी, बेटा और शादीशुदा बेटी को हमेशा हमेशा के लिए खो दिया है।

गुड सेमेरिटन योजना को लेकर यातायात थाने पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

# घायल व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती कराकर बने नेक, पुलिस देगी पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



सड़क हादसे में घायल होकर सड़क पर पड़े व्यक्ति को जो भी नागरिक तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराकर उसकी जान बचाएगा, पुलिस उसे नेक व्यक्ति मानकर उसे पांच हजार का पुरस्कार प्रदान करेगी। इस पुरस्कार के लिए जिले के लोग घायल व्यक्ति को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराकर उसकी जानकारी डॉक्टर और पुलिस को प्रदान करें।

यह बात ट्रैफिक टीआई संजय सिंह राजपूत ने मंगलवार को ट्रैफिक थाने पर आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में गुड सेमेरिटन योजना की जानकारी देते हुए कही। इस मौके पर सूबेदार अनिल बाथम सहित ट्रैफिक थाने का स्टाफ भी मौजूद था। बता दें कि पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर सभी जिलों में एक जुलाई से 15 जुलाई तक गुड सेमेरिटन योजना के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक अभिषेक आनंद के निर्देशन में इस जागरूकता अभियान की शुरूआत श्योपुर जिले में भी हो चुकी है। 15 जुलाई तक चलने वाले जागरूकता अभियान के तहत ट्रैफिक थाने पर मंगलवार को एक जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें ऑटो यूनियन, बस यूनियन, ट्रक यूनियन से जुडे पदाधिकारी व सदस्यो सहित आम नागरिक भी शामिल हुए। ट्रैफिक टीआई संजय सिंह राजपूत ने कहा कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को तत्काल चिकित्सीय सहायता की जरूरत होती है। जो समय पर न मिलने के कारण घायल व्यक्ति की मौत हो जाती है या फिर व्यक्ति स्थाई रूप से दिव्यांग हो जाता है। सड़क दुर्घटना में मृत्युदर को कम करने के लिए शासन के द्वारा गुड सेमेरिटन योजना लागू की गई है। जिसका उद्देश्य घायल व्यक्ति को तत्काल इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को नेक इंसान मानकर पुरस्कृत करना है। ताकि लोगों में इस तरह का नेक इंसान बनने के प्रति जागरूकता आए।

परिजनों ने प्रेमसर पीएचसी स्टाफ पर लगाया संवेदनहीनता बरतने का आरोप

# प्रेमसर के गांधीनगर में सर्पदंश के चलते 13 वर्षीय किशोर की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

ग्राम पंचायत प्रेमसर के गांधीनगर में बीती शाम को एक 13 वर्षीय किशोर को तब सर्प ने डस लिया, जब वह चूल्हा जलाने के लिए अलमारी में रखी माचिस उठा रहा था। सर्प के डंसने का पता चलने पर 13 वर्षीय किशोर अपने छोटे भाई को लेकर शासकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रेमसर पहुंचे, लेकिन वहां मौजूद मिली नर्स ने उन्हें यह कहकर लौटा दिया कि किसी बड़े आदमी को बुलाकर लाओ, इसके बाद तुम्हारा इलाज होगा। जब तक दोनों भाई अपने पिता को बुलाने के लिए घर पहुंचे, तब तक जहर इतना फैल गया कि उसकी मौत हो गई। इस मामले में परिजनों ने प्रेमसर पीएचसी पर मौजूद मिले स्टाफ पर संवेदनहीनता बरतने का आरोप लगाते हुए कहा कि यदि स्टाफ संवेदनशीलता दिखाता तो किशोर की जान बच सकती थी।

ग्रामीणों के मुताबिक गांधीनगर निवासी विष्णु बैरवा 13 वर्ष ने सोमवार की शाम को चूल्हा जलाने के लिए अलमारी में रखी माचिस उठाई, तभी उसे सर्प ने डस लिया। इस दौरान विष्णु ने समझा कि उसे चूहे ने काटा है। इसलिए वह अपने काम में लग गया। जबकि उसके पिता मजदूरी करने के लिए गया था। घर पर विष्णु और उसके छोटा भाई ही था। कुछ देर बाद जब उस अलमारी से सांप निकलकर गया, तब विष्णु को समझ में आया कि उसने चूहे ने नहीं सांप ने काटा है। इसके बाद वह घंटेभर बाद अपने छोटे भाई को लेकर पास ही स्थित पीएचसी प्रेमसर पर पहुंचा और वहां मौजूद मिली नर्स से कहा कि उसे सांप ने काट लिया। लेकिन नर्स ने उसे इलाज उपलब्ध कराने के बजाए उसे यह कहते हुए घर भेज दिया कि घर के बडे आदमी को साथ में लेकर आओ, तब जाकर इलाज करेगे। इसके बाद ये दोनों भाई मजदूरी से लौटकर आए अपने पिता को बुलाने के लिए वापस घर आ गए और पिता को पूरी बताई। लेकिन तब तक सांप का जहर विष्णु के पूरे शरीर में फेल गया और विष्णु अचैत होकर सो गया, जिसे परिजन जिला अस्पताल लाए तो डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। देहात थाना पुलिस ने मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

नगर पालिका और ट्रैफिक विभाग की लापरवाही का दंश झेलता शहर

# जाम से बेहाल हुआ शहर, बाजार में निकलना भी हो रहा दूभर, बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

इन दिनों शहर में यातायात व्यवस्था गड़बड़ाने से बाजार में रोज जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। सोमवार और मंगलवार को बाजारों में इतना अधिक जाम लगा की ट्रैफिक चलता हुआ नहीं बल्कि रेंगता सा दिखा। शहर की बिगड़ी यातायात व्यवस्था को सुधारने की जिम्मेदारी जिस नगर पालिका परिषद और ट्रैफिक के पास है वह अपनी जिम्मेदारी को लेकर सिर्फ खानापूर्ति करते नजर आ रहे है।

अभी तक ट्रैफिक की समस्या से मेन मार्केट को ही जुझना पड़ता था, गांधी पार्क से सूबात चौराहा तक यातायात इतना संकुचित रहता था कि यहां पर जाम लगने से किसी को कोई आश्चर्य नहीं होता था लेकिन अब शहर के अन्य बाजार भी यातायात की समस्या से जूझते दिख रहे हैं। सोमवार और मंगलवार को मेन बाजार के अलावा थोड़ी गणेश बाजार, पुल दरवाजा, बड़ौदा रोड, पाली रोड पर लगातार जाम की स्थिति दिखाई दी। इस दौरान ना तो जाम खुलवाने के लिए कोई ट्रैफिक पुलिस का कमी दिखाई पड़ा और ना ही नगर पालिका के अमले ने बाजार में पहुंचकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की।



### फाइलों से बाहर नहीं निकल रही बाईपास योजना

तत्कालीन कलेक्टर राकेश श्रीवास्तव ने शहर की लचर यातायात व्यवस्था को सुधारने के उद्देश्य तीन आंतरिक बाईपास बनाने की फाइल तैयार की थी जिनमें से एक बाईपास सलापुरा नहर स्कूल के पास से ओम दलाल के घर के सामने बड़ौदा रोड तक, दूसरा ईदगाह रोड से किला गेट मछली मार्केट होता हुआ बड़ौदा रोड तक, तीसरा बाईपास यह स्तंभ से पुराना अस्पताल भवन से होकर बड़ौदा रोड के पास बनाया जाना था प्रशासन काल में बनाई गई इस प्लानिंग के तहत एक करोड रुपए लागत से बागवाज की पुलिया से किला रोड तक सीसी रोड का टेंडर भी हुआ लेकिन यह योजना इससे आगे नहीं बढ़ सकी।

### दो सालों से नहीं चली मदाखलत कारवाई

पहले नियमित रूप से बाजार में ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू रखने के उद्देश्य नगर पालिका पुलिस प्रशासन के साथ जिला प्रशासन भी अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाता रहता था लेकिन विगत 2 सालों से इस तरह का कोई अभियान नहीं चला है, जिसके चलते बाजारों में दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण करने हाथ खेलों के खड़े होने व्यवस्थित वाहनों के बीच रोड पर पार्किंग बनाने जैसी समस्या जाम लगने की का कारण बन रही है।

5 घंटे चली जनसुनवाई में 297 लोग पहुंचे शिकायत लेकर

# दंबग अतिक्रामकों को जेल भेजने की कार्यवाही करें:जांगिड




हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड ने जनसुनवाई के दौरान जिले के समस्त एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों को निर्देश दिये कि दंबग अतिक्रामकों को जेल भेजने की कार्यवाही करें। उन्होने कहा कि मिशन मोड में कार्य करते हुए शासकीय भूमि तथा कमजोर लोगों की खाते पट्टे की जमीनो पर कब्जा करने वाले लोगों को बख्शा नही जायें, उनके विरूद्ध अभियान चलाकर मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता की धारा 248 तथा 250 अंतर्गत सिविल जेल भेजने की कार्यवाही करते हुए अतिक्रमण हटाया जायें। लगभग 5 घंटे चली जनसुनवाई में 297 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 15 आवेदन 24 घंटे की अवधि में निराकरण के लिए चिन्हित करते हुए तत्काल निराकरण के लिए अधिकारियों को व्हाट्सएप पर भेजे गये। जनसुनवाई के दौरान ग्राम रन्नौद निवासी कन्हैयालाल योगी ने अवगत कराया कि गत 20 जून 2023 को उनकी भैस की मृत्यु करंट लग जाने से हो गई थी, इस मामले में पीएम रिपोर्ट, पंचनामा आदि दस्तावेज सहित आवेदन किये जाने के बाद भी मुआवजा राशि नही दी गई है। इस पर कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड ने कहा कि प्रकरण लंबित रखने के मामले में दोषी बिजली अधिकारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए डीओ लेटर एमडी को लिखा जायें। कलेक्टर लोकेश कुमार ने बुजुर्ग दंपत्ति हजारीलाल एवं जमुना बाई निवासी हसनपुर हवेली का नाम तत्काल बीपीएल सूची में जोडे जाने एवं खाद्यान पर्ची जारी करने, सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्रदान करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये गये। बुजुर्ग महिला जमुना बाई ने बताया कि उनके पुत्र की मृत्यु हो चुकी है तथा पति-पत्नि के अलावा परिवार में कोई ओर नही है।

# टेलरिंग और कंप्यूटराइज्ड अकाउटिंग की ट्रेनिंग पूरी कर चुकी महिला प्रशिक्षणार्थियों को बांटे गए प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान श्योपुर में 30 दिवसीय वूमन टेलरिंग और कम्प्यूराइज्ड अकाउटिंग का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र की 60 महिलाओं ने शामिल होकर प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसके जरिए अब ये महिलाएं अपने-अपने गांव में स्व रोजगार स्थापित करके आत्म निर्भर बन सकेगी। बीते रोज आयोजित समापन समारोह में वूमेन टेलर व कंप्यूटराइज्ड अकाउटिंग का प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली सभी महिलाओं को प्रमाण पत्र दिए गए। इस मौके पर विशेष रूप से उपस्थित श्रीराम चौधरी निदेशक आरसेटी ने प्रमाण पत्र वितरित करते हुए शासन द्वारा संचालित विभिन्न ऋण संबंधी योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की। साथही ये भी बताया कि वे इन योजनाओं के माध्यम से ऋण लेकर अपना स्व रोजगार स्थापित करके आत्म निर्भर बन सकेगी। इस अवसर पर पंकज कानवा, दीपक शर्मा, लेखराज सिंह, बृजेश गौड, विशाल गौड, महावीर शर्मा तथा अन्य विभागीय लोग मौजूद थे।

जिला अस्पताल के मेटरनिटी वार्ड में बने स्पेशल वार्ड का मामला

# स्पेशल वार्ड में चल रही थी शराब पार्टी, सीएस बोले शिकायतकर्ता की करतूत, एफआईआर कराएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिला अस्पताल के मेटरनिटी वार्ड में दूसरी मंजिल पर बने स्पेशल वार्ड में दारू पार्टी चलने का मामला सामने आया है। रक्तवीर सेवा संस्थान टीम के संयोजक मुकेश हिरनीखेडा ने स्पेशल वार्ड में शराब पार्टी चलने के मामले की शिकायत स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों सहित कलेक्टर से करते हुए इस मामले में कार्रवाई की आवश्यकता जताई है। उधर सिविल सर्जन डॉ डीएस सिकरवार ने इसे शिकायतकर्ता की करतूत बताते हुए उसके खिलाफ पुलिस प्रकरण दर्ज करवाए जाने की बात कही है।

रक्तदान शिविरों का आयोजन कराने और जरूरमंदों के लिए रक्त की उपलब्धता कराने जैसे कामो में सक्रिय बने रहने वाले मुकेश हिरनीखेडा ने जिला अस्पताल की मेटरनिटी विंग के स्पेशल वार्ड में शराब रखे होने संबंधी वीडियो दिखाते हुए बताया कि यह वार्ड मेटरनिटी वार्ड में प्रसव कराने सहित अन्य बीमारी का इलाज कराने के लिए आने वाली महिलाओं के भर्ती रहने के लिए बना है। जिसमें शराब पार्टी का आयोजन होना काफी शर्मनाक बात है। हिरनीखेड़ा ने बताया कि उनके रिश्तेदार के बुआ के लड़के की पत्नी सोमवार की शाम को इलाज के लिए मेटरनिटी वार्ड में पहुंची। जिसे डॉक्टरों ने भर्ती करने के लिए कहा। इसलिए हम उसे भर्ती करने के लिए स्पेशल वार्ड में खाली कक्ष कौन सा है, को देखने के लिए पहुंचे, जहां हमे एक कक्ष के अंदर शराब पार्टी चलती दिखी। उसका दरवाजा खुलवाया तो उसके अंदर मौजूद लोग सकपका गए और उन्होंने शराब की बोतलों को कार्टून के अंदर रख दिया। कार्टून के अंदर रखी शराब की बोतले वीडियो में साफ दिख रही है। इसके पहले भी जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में पैसे लेकर जरूरतमंदों को रक्त देने जैसे मामले भी सामने आए हैं।



### अस्पताल को बदनाम करने खुद ही रख दी शराब की बोतले

जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ डीएस सिकरवार का कहना है कि मुकेश हिरनीखेडा की शिकायत पर हमने मेटरनिटी वार्ड के उस कक्ष को जाकर चैक किया, जिसमें बिजली संबंधी काम करने के लिए ठेकेदार के कर्मचारी रूके हुए है। लेकिन हमे वहां शराब पार्टी चलने जैसी कोई स्थिति नहीं मिली। अस्पताल को बदनाम करने के लिए यह करतूत शिकायतकर्ता की ही लग रही है, जिसने खुद ही वहां जाकर शराब की बोतले रख दी और फिर उनकी वीडियो बना ली। इस तरह रात में जिला अस्पताल मे मेटरनिटी वार्ड के कक्षों को चैक करने का उन्हें कोई अधिकार नहीं है। इस मामले में एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। इसके लिए पुलिस में आवेदन दे दिया है।

### वार्ड में शराब पार्टी चलना शर्मनाक बात, प्रशासन करे कार्रवाई

मेटरनिटी विंग के स्पेशल वार्ड के एक कक्ष में शराब पार्टी चलने के मामले की रक्तवीर सेवा संस्थान टीम के संयोजक मुकेश हिरनीखेडा ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों सहित कलेक्टर लोकेश कुमार से भी शिकायत की है और इस मामले में कार्रवाई करने का आग्रह किया कि जिला अस्पताल के मेटरनिटी वार्ड में इस तरह के कामों का होना काफी शर्मनाक है। इसके पहले भी जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में पैसे लेकर रक्त बेचने और शराब पीकर अस्पताल के कर्मचारियों के ब्लड बैंक में ड्यूटी करने जैसे मामले उजागर हो चुके है। जिनकी शिकायत किए जाने के बाद भी कोई नहीं हुई है। लिहाजा इन मामलो के जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई करते हुए जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं को बेहतर किया जाना जरूरी है।

फक्कड़ चौराहा पर आयोजित शिविर में 90 हितग्राहियों की हुई प्रोफाइलिंग

# स्ट्रीट वेंडरों को उद्यमी बनाने के लिए घर-घर पहुंच रही सरकार, लगाए जा रहे शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कोरोना काल में जिन स्ट्रीट वेंडरों को सरकार ने अपना काम धंधा शुरू करने के लिए जो आर्थिक मदद उपलब्ध कराई थी अब सरकार उस सहायता को बढ़ाकर फुटपाथ पर बैठकर धंधा करने वाले वालों को उद्यमी बनाना चाहती है पर अधिकतर हितग्राही इस योजना का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। ऐसे हितग्राहियों को तलाश कर उन्हें शासन की योजना का लाभ दिलाने के निर्देश के तहत नगर पालिका इन देना घर-घर पहुंचकर हितग्राहियों को तलाश का लाभ दिला रही है इसक्रम में मंगलवार को पकड़ चौराहा पर शिविर लगाया गया जिसमें 90 हितग्राहियों की प्रोफाईलिंग पीएम स्व निधि से पीएम समृद्धि पोर्टल पर की गई।

सीएमओ सतीश मटसेनिया ने बताया कि कोरोना काल में नगर पालिका ने शहरी क्षेत्र में 2922 हितग्राहियों का चयन पीएम स्व निधि के रूप में किया था तब इन्हें 10 10 हज़ार रुपए की वितीय सहायता अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए दी थी। योजना के तहत 10000 रूपए का लिया गया लोन चुकाने पर हितग्राही को 20000 रुपए का लोन दिलाया जाना था और 20000 चुकाने पर 50000 रुपए का लोन को अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए दिया जाना था इसके लिए हितग्राहियो की प्रोफाइलिंग पीएम स्व निधि से पीएम समृद्धि निधि पोट्र्स पर करनी थी इनमें से 1320 हितग्राही ही पीएम स्व निधि से पीएम समृद्धि निधि पर प्रोफाइलिंग करा सके 1692 हितग्राहियों की प्रोफाइलिंग की जाना है ऐसे हितग्राहियों को तलाशने के लिए अब हर वार्ड में शिविर लगाकर मौके पर ही प्रोफाइलिंग की जा रही है। शिविरों के सकारात्मक परिणाम भी सामने आ रहे हैं। मंगलवार को 90 हितग्राहियों की पीएम स्व निधि से पीएम समृद्धि निधि में प्रोफाइलिंग की गई।



### 8 योजनाओं का मिलेगा लाभ, दिल्ली करेगी तय

पीएम समृद्धि निधि में हितग्राहियों को आठ योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। इनमें से किस हितग्राही को किस योजना का लाभ मिलना है पीएम समृद्धि पोर्टल ही तय करेगा। भारत सरकार के इस पोर्टल पर यह व्यवस्था की गई है कि पोर्टल परिवार के सारे सदस्यों का प्रोफाइलिंग के माध्यम से आकलन करता है फिर उसकी आवश्यकता अनुसार योजना का लाभ देता है। इसके साथ ही लाभ किस विभाग व कार्यालय से मिलना है इसकी सूचना संबंधित को पोर्टल के माध्यम से मिलेगी। जैसे कि अगर बैंक से लोन दिलाना है तो संबंधित की सूचना दिल्ली से ही बैंक में आ जाएगी और बैंक को ना तो हितग्राही से न किसी अधिकारी से कोई प्रमाणीकरण मांगने की जरूरत नहीं है पड़ेगी सीधे हितग्राही के खाते में राशि डालकर सूचना देनी है।

## खबर संक्षेप



### नवीन सदस्यों का शपथ ग्रहण व सम्मान समारोह संपन्न

**अशोकनगर।** समाज सेवा मे अग्रणी संस्था जैन मिलन सेन्ट्रल के नवीन सदस्यों का शपथग्रहण एवं सम्मान समारोह भव्यता से संपन्न हुआ। समारोह मे भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुभाष जैन कैंची ने शाखा में सम्मलित हो रहे 11 नवीन सदस्यों को शपथ दिलाकर समाज सेवा मे अग्रणी बने रहने का संकल्प दिलाया,आपने सभी सदस्यों से सेवारूपी महायज्ञ में आहुति देने का अनुरोध किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिगंबर जैन पंचायत के अध्यक्ष श राकेश कांसल, विशिष्ट अतिथि महामंत्री राकेश अमरोद के कर कमलों से संस्था के सहयोगियों को सम्मानित कराया गया। समारोह का सफल संचालन राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री वीर श्री महेंद्र जी कडेसरा ने किया स्वागत भाषण शाखा अध्यक्ष वीरेंद्र अथाईखेड़ा ने दिया। कार्यक्रम को आनंद गांधी,डॉ. पारस जैन ने भी सम्बोधित किया।आभार मंत्री सुनील जैन बेलई द्वारा प्रगट किया गया । कार्यक्रम में भारी संख्या में वीरबंधु-वीरांगनायें शामिल हुए और अंत में माधुर्य भोज के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

### लायंस क्लब के जिला अध्यक्ष बने हरिसिंह



**अशोकनगर।** शहर की समाज सेवी संस्था लायंस क्लब की अशोकनगर इकाई के नवीन अध्यक्ष वर्ष 2024-25 के लिए शहर के प्रतिष्ठित नागरिक हरिसिंह रघुवंशी को चुना गया है। वह पूर्व मे भी अध्यक्ष रह चुके है। यह नियुक्ति उनकी लायंस क्लब मे लगातार सक्रियता और समर्पण को देखते हुए की गई है। नवीन सत्र के पदाधिकारियो को लेकर लायस क्लब की यह बैठक 28 जून को आयोजित की गई थी। इस बैठक मे लायंस क्लब की गत वर्ष की कार्यकारणी के पदाधिकारियो और सदस्यो ने भाग लिया। निवृत्तमान अध्यक्ष संजय जैन केटी ने इस बैठक मे हरिसिंह रघुवंशी के नवीन अध्यक्ष पद हेतू प्रस्ताव रखा। जिसे बैठक मे उपस्थित सभी सदस्यो ने आम सहमति से सहमति जताई। कार्यकारणी मे सचिव पद पर अभिजीत जैन ,कोषाध्यक्ष अरूण अग्रवाल तथा क्लब मेमरशिप चेयरमेन पद पर श्याम कन्हैआ के नाम को स्वीकृति दी गई। ज्ञात हो कि हरिसिंह रघुवंशी वर्ष 2009-10 मे भी अध्यक्ष रह चुके है। लायंस क्लब मे उनकी लगातार गतिविधियो की सक्रियता को देखते हुए उन्हे जोन चेयरमेन ,रीजन चेयरमेन और एडीशनल सेकेटरी प्रांत 323 ई-वन पर भी नियुक्त किया जा चुका है। लायंस क्लब के लगातार जिले मे सशक्त पहचान दिलाने के लिए वह फाउडर सदस्यो मे से एक है।

## नगर पालिका परिषद अशोकनगर की बैठक हुई आयोजित

# बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा, संपत्ति कर बढ़ाने पर नहीं बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



नगर पालिका परिषद अशोकनगर की ओर से 1 जुलाई को परिषद की बैठक आयोजित की गई थी इस बैठक में जहां पार्षद पतियों पर बैठक में शामिल होने पर रोक लगाई गई थी वहीं दूसरी ओर मीडिया को भी इस बैठक में बैठने की अनुमति नहीं दी गई।

बैठक के बाद नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने बताया कि बैठक में जिन बिंदुओं पर चर्चा होना थी उनमें अमृत 2 योजना के अंतर्गत स्थानीय तुलसी सरोवर पर पार बनाकर लाइटिंग लगाया जाना शामिल था। इस बैठक में स्वीकृति प्रदान की गई। इसी प्रकार अशोकनगर टोरिया पर एक करोड़ 14 लाख रुपए की लागत से पार्क का निर्माण किया जाना को भी स्वीकृति प्रदान की गई। चिंता हरण मंदिर के पास और नेहरू पार्क के पास जिन लोगों ने नगर पालिका की दुकान नीलामी बोली में ली थी और राशि जमा नहीं कराई थी उनकी राशि एक चैथाई ही जमा हुई है। जिसे लेकर लगभग दो दर्जन दुकानदारों की दुकानों की बोली निरस्त करने का निर्णय लिया गया और नए सिरे से दुकानों की बोली आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसी प्रकार बैठक में गीला कचरा और सूखा कचरा अलग-अलग करने के लिए 20 कर्मचारियों की नियुक्ति अस्थाई तौर पर किए जाने का निर्णय लिया गया जो नगर पालिका के कचरा वाहन पर ही रहेंगे और वही गीला और सूखा कचरा अलग-अलग करेंगे ताकि कचरा स्थल पर कोई समस्या न आए। जल्दी ही टेचिंग ग्राउंड का स्थान बदला जा रहा है और जगह की तलाश भी कर ली गई है।

उन्होंने बताया कि अध्यक्ष की और से रखे गए सुझावों में राजमाता विजयाराजे सिंधिया की जो अभी प्रतिमा लगी है उसे खड़े आकार में आदम कद बनाने का निर्णय लिया गया और उसको फाउंटेन के साथ सुंदर स्वरूप देने का निर्णय लिया गय। इसी तरह अशोकनगर के गांधी चैक को जो घंटाघर की स्टाइल में बना है उसको नए तरीके से डिजाइन बनाकर सुंदर स्वरूप देने फाउंटेन लगाए जाने और आकर्षक लाइटिंग करने और सौ फुट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज लगाने का निर्णय लिया गया।

इसी प्रकार बैठक में संपत्ति कर बढ़ाने का भी शासन का निर्देश था उसे निर्देश के पालन में प्रस्ताव पर सदस्यों ने सहमति नहीं जताई। अधिकांश सदस्य इससे सहमत नहीं थे शासन का कहना था कि उन्हें जो राशि प्रदान की जाती है अगर संपत्ति कर नहीं बढ़ाया गया तो वह राशि प्रदान करने में कटौती कर दी जाएगी। इसी तरह शहर में स्मार्ट सिटी के साथ-साथ मुख्यमंत्री अधोसंरचना और कायाकल्प फेस टू के मुद्दों को भी सहमति प्रदान की गई। बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनोद उन्नीतान राजस्व निरीक्षक राजेश बालू, उपाध्यक्ष रीना मनोज शर्मा, प्रतिपक्ष के नेता रितेश जैन आदि मौजूद थे।

## कॉलेज में नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

तीन दिवसीय दीक्षारंभ समारोह के प्रथम दिवस आज शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय अशोकनगर में नवप्रवेशित विद्यार्थियों का वर्तमान में अध्ययनरत विद्यार्थियों ने तिलक लगाकर, पुष्प वर्षा की, प्राचार्य मनाज ठाकुर ने सभी को मिष्ठान्न खिलाकर सभी का महाविद्यालय में स्वागत किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ. नवीन पटवा ने इस कार्यक्रम के औचित्य को समझाते हुये कहा कि यह कार्यक्रम आपके महाविद्यालय के वातावरण में अनुकूलन को सहज बनाने के लिये है तत्पश्चात उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की प्रमुख विशेषतायें, क्रेडिट सिस्टम, परीक्षा प्रणाली, विषय चयन आदि को विस्तार से पीपीटी के माध्यम से विद्यार्थियों के मध्य प्रस्तुत किया। इसके पश्चात उन्होंने समस्त विद्यार्थियों को महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिये शासन की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से समझाया। महाविद्यालय के प्राचार्य मनोज ठाकुर ने अपने उद्बोधन में महाविद्यालय के विजन एवं मिशन को विद्यार्थियों के मध्य रखते हुये, विद्यार्थियों से अपील की कि वे महाविद्यालय में गंभीरता पूर्वक अध्ययन कार्य करें एवं अनुशासित व्यवहार से महाविद्यालय के विकास में योगदान दें। महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. रेनू राजेश ने अपना परिचय देते हुये विद्यार्थियों से कहा कि आपका यह समय बडा मूल्यवान है इसका सदुपयोग कर आप अपने जीवन में उन्नति प्राप्त करेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को शुभाशीष और शुभकामनायें प्रदान कीं। डॉ. अर्चना प्राध्यापक अंग्रेजी ने विद्यार्थियों को शुभाशीष और शुभकामनायें प्रदान करते हुये कहा कि महाविद्यालय का वातावरण स्वतंत्रता के साथ-साथ जिम्मेदारी बढा देता है आप अनुशासित रहते हुये विनम्र भाव से शिक्षा ग्रहण कीजिये, सफलता आपके कदम चूमेगी। डॉ. शालिनी राय सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान, विशाल नरवरिया सहायक प्राध्यापक समाजशास्त्र गरिमा राठौर सहायक प्राध्यापक विधि ने अपना परिचय देते हुये सभी विद्यार्थियों को शुभाशीष प्रदान किया।

## लायंस हेल्पिंग हैंड्स ने किया डॉक्टर्स का सम्मान



**अशोकनगर।** लायंस हेल्पिंग हैंड्स क्लब अशोकनगर,ने लायन फिरोज़ सुलताना की अध्यक्षता में मनाया डॉक्टर्स डे, किया नगर के डॉक्टर्स का सम्मान। कार्यक्रम की संयोजक रही पास्ट जेडसी एमजेएफ़ लायन वैशाली सलूजा। उन्होंने बताया दरअसल, एक जुलाई को ही डॉक्टर्स डे मनाने की खास वजह यह है कि ये दिन महान चिकित्सक और पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री डॉक्टर बिधान चंद्र रॉय की जयंती के साथ-साथ उनकी पुण्यतिथि का भी प्रतीक है। इन वास्तविक जीवन के नायकों की सराहना के लिए आज का दिन मनाया जाता है। क्लब सदस्यों द्वारा डॉ डी के जैन, डॉ जयमंडल यादव, डॉ शिवाली यादव एवम डॉ मनीषा यादव प्रांत द्वारा प्रेषित सर्टिफिकेट और गिफ्ट द्वारा सम्मानित किया गया। डॉ डी के जैन नगर के वरिष्ठ डॉक्टर्स में से एक हैं। वे अशोकनगर की रीढ़ की हड्डी सम्मान हैं। साथ ही डॉ जयमंडल यादव जी की भी जितनी तारीफ की जाए कम है, उन्होंने कोविड के दौरान भी निरंतर सेवाएं प्रदान की। साथ ही दोनो डॉक्टर्स गरीब पेशेंट्स की निशुल्क सेवा करते आ रहे हैं। एवम नगर के गौरव के प्रतीक हैं।



### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौंपकर रैली निकाली

**अशोकनगर।** संपर्क ऐप पर कार्य न कराया जाए और संपर्क ऐप पर कार्य न करने पर मानदेय में कटौती या अन्य कोई भी कार्यवाही को नहीं किया जाना चाहिए। ज्ञापन में कहा गया है कि मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को फुल किया जाये और केन्द्र के आदेश अनुसार 10 दिवस मैं फुल कार्रवाई की जाए। कार्यकर्ता पद पर सहायिकाओं की पदोन्नति मैं आयु सीमा का वंधन हटाया जाये। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सुपरवाइजर पद पर अनुभव एवं योग्यता के आधार पर आयु सीमा के वंधन को हटाते हुये पदोन्नति दी जाये। 11 जून 2023 को हुयी 5 लाख रूपये का स्वस्थ वं दुर्घटना बीमा के आदेश कर लागू किया जाये। ऑगनवाड़ी कार्यकर्ताए सहायिका और मिनीकार्यकर्ता को रिटायर्ड मॅट पर मिलने वाली राशि का लाभ आकस्मिक या किसी बीमारी या एक्सीडेंट से मृत हो रही कार्यकर्ताए सहायिका और मिनीकार्यकर्ता को मिलना चाहिए। नयी शिक्षा नीति के अंतर्गत जो स्कूलों मैं प्री प्राइमरी शिक्षकों की नियुक्ति की जा रही है इसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को प्राथमिकता दी जाये। आंगनवाड़ी केन्द्रो का भवन किराया प्रतिमाह भुगतान किया जाए।

## ये गोशाला नहीं स्कूल का परिसर है

### 14 दिन से गोबर के बीच बैठ रहे शिक्षक, सफाई तक नहीं कराई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



बहादुरपुर क्षेत्र के ग्राम गीलारोपा में राष्ट्रीय राजमार्ग 346 ए से लगा हुआ षासकीय प्राथमिक विद्यालय का परिसर है। इस परिसर में विद्यालय के मुख्य भवन व अतिरिक्त कक्षों के साथ-साथ आंगनवाड़ी केन्द्र और उपस्वास्थ्य केन्द्र भी संचालित है। परिसर का नजारा बीते कई दिनों से गौषाला जैसा दिखाई दे रहा है। समूचे परिसर में करीब दो सौ जगह गोबर पड़ा हुआ है। विद्यालय और आंगनवाड़ी भवन की दालानों में भी गोबर पड़ा है, इसकी सफाई करीब दो महीनों से नहीं हुई। यह हाल तब हैं जबकि बीते 18 जून से विद्यालयों का विधिवत खोला जा चुका है।

सोमवार को विद्यालय में महज पांच विद्यार्थी थी। एक षिक्षक और एक षिक्षिका खाली बैठे हुए थे। जबकि विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मुमताज बेगम उपस्थित नहीं थीं। मौजूद षिक्षिका ने बताया कि वह संकुल केन्द्र बहादुरपुर किसी आवष्यक कार्य से गई हैं। परिसर का मुख्य द्वार खुला हुआ था। हालांकि परिसर में गौवंष नहीं था लेकिन समूचे परिसर में फैला हुआ गोबर बता रहा था कि यहां दिन-रात गौवंष का जमावडा रहता है। विद्यालय परिसर की इस बदहाल स्थिति के बारे में जनषिक्षक सुभाष श्रीवास्तव ने बताया कि बीते 22 जून को विद्यालय का निरीक्षण करने गए थे तब भी यही स्थिति थी। उन्होंने तत्काल परिसर की साफ-सफाई करने के निर्देष दिए थे और निरीक्षण पुस्तिका में भी लिखा था। किंतु निरीक्षण के दस दिन गुजरने के बाद भी यही स्थिति है।

### पंचायत सचिव बोले दो बार दिला चुके हैं ताला

विद्यालय परिसर के सामने ही ग्राम पंचायत गीलारोपा का कार्यालय है। ग्राम पंचायत सचिव गौरव जैन ने बताया कि विद्यालय परिसर की चाहरदीवारी खड़ी की गई है। मुख्यद्वार पर लोहे का गेट लगवाया गया है और दो बार प्रधानाध्यापिका को गेट पर ताला डालने के लिए खरीद कर दे चुके हैं। जब तक गेट पर ताला नहीं लगा होगा, तब तक रात के समय मवेषी वहां घुसते रहेंगे। पंचायत सचिव श्री जैन ने बताया कि पहले विद्यालय प्रबंधन का बहाना था कि कुछ ग्रामीणों ने यहां से आने-जाने का रास्ता बना रखा है किंतु उक्त ग्रामीण भी दूसरी ओर से आने-जाने राजी हैं। अब केवल विद्यालय प्रबंधन की लापरवाही है।

### 51 छात्र संख्या, शिक्षकों की संख्या 3

गीलारोपा से बहादुरपुर की दूरी महज 3 किलोमीटर है। यह गांव बहादुरपुर से नेषनल हाईवे के माध्यम से जुड़ा हुआ है। इसलिए बेहद कम संख्या में यहां बच्चे पढ़ाई करने आते हैं। जनषिक्षक सुभाष श्रीवास्तव के मुताबिक वर्तमान में यहां कुल 51 छात्रसंख्या है। जबकि षिक्षकों की संख्या 3 है। चूंकि नियमों के अनुसार 25 छात्रों पर एक षिक्षक की पदस्थापना होती है। इसलिए संभव है कि जो 51वां छात्र है, वह तीसरे षिक्षक की पदस्थापना के लिए दर्ज किया गया हो, क्योंकि इस विद्यालय में एक-डेढ़ दर्जन से अधिक विद्यार्थी कभी दिखाई नहीं देते।

## संयुक्त संचालक को बताई शिक्षकों की समस्याएं



**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने संयुक्त संचालक शिक्षा(जे. डी.)ग्वालियर से भेंट कर अशोकनगर जिले की शिक्षकीय समस्यायों से अवगत कराया। संघ के जिला सचिव शिवकुमार शर्मा ने बताया कि जिले में शिक्षकों की क्रमोन्नति देने की गति कछुआ चाल से चल रही है,जो वेहद आपत्तिजनक है। साथ ही उच्च पद प्रभार की स्थिति भी चिंताजनक है।काउंसलिंग होने के 9 माह बाद भी शिक्षक आदेशों के इंतजार में हैं।परामर्शदात्री समिति की बैठकें भी नही बुलाई जा रही हैं।इसी प्रकार अनुकंपा नियुक्ति के अनेक प्रकरण लंबित हैं।शिक्षक संघ का प्रतिनिधि मंडल,संघ की संभागीय बैठक में शामिल होने ग्वालियर गया था,इसी दौरान संयुक्त संचालक से भेंटकर स्थानीय विषयों से अवगत कराया।संभागीय बैठक में शिवकुमार शर्मा द्वारा अध्यापक संवर्ग को नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता देते हुए पुरानी पेंशन बहाल करने,केंद्र के समान मंहगाई भत्ता देने,अर्जित अवकाश के नगदीकरण करने जैसी प्रांतीय समस्यायों से प्रदेश नेतृत्व को अवगत कराया।प्रांतीय अध्यक्ष क्षत्रवीर सिंह राठौर ने सभी समस्यायों के शीघ्र निराकरण की बात कही।साथ ही गुरुपूर्णिमा के अवसर पर गुरुवंदन,गुरुछाया कार्यक्रम करने का अनुरोध किया।प्रांतीय महामंत्री राकेश गुप्ता ने संगठनात्मक विषय जैसे सदस्यता,वृक्षारोपण पर अपनी बात रखी।संभागीय संगठन मंत्री दिनेश शर्मा ने मातृ संघठन आर एस एस द्वारा दी गईं पंच निष्ठाओं कुटुंब प्रबोधन,समरसता,स्वदेशी,नागरिक कर्तव्य और पर्यावरण पर अपनी बात कही।बैठक में संभागीय अध्यक्ष पंकज शर्मा,महिला प्रमुख ममता राठौर सहित ग्वालियर-चंबल संभाग के अपेक्षित पदाधिकारी शामिल हुए।जिले से संघ के प्रतिनिधि मंडल में महेश प्रसाद भार्गव,शांतिलाल परिहार,वेदप्रकाश गोयल,उदयपाल साहू शामिल थे।

## नए अधिनियमों को लेकर अशोकनगर मुख्यालय पर जनसंवाद का कार्यक्रम

# नए कानून से नागरिकों को मिलेगा तुरंत न्याय: एसपी जैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर






नये कानून को लेकर 1 जुलाई 2004 से पूरे देश और मध्यप्रदेश में अंग्रेजी के जमाने से आभारतीय संहिता भारतीय साक्ष्य अधिनियम और भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता के नियम बदलकर सरकार ने नये कानून लागू किये हैं। जिसके तारतम्य में आज दिनांक 01 जुलाई को जनसंवाद का कार्यक्रम आयोजित किया गया। सम्पूर्ण जिला अशोकनगर के थानों में थाना प्रभारियों द्वारा अपने थाना अंतर्गत गणमान्य नागरिक पत्रकार जनप्रतिनिधि आमजन को नये कानून लागू होने के संबंध में जनसंवाद रखा गया।

एसपी विनीत जैन ने बताया कि सम्पूर्ण देश के कानून में कुछ बदलाव किये गये है। एक जुलाई को तीन नये कानून गृह मात्रालय ने जागू किये है भारत सरकार द्वारा जी नये कानून लागू किये है यह भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम है इन नये कानून का उदेशय है देश के नागरिकों को त्वरित न्याय देना साथ ही व्याविक और अदालत प्रबंधन प्रणाली को मजबूत करना है। गो आपराधिक कानून के संबंध में जिल्ला अशोकनगर के सभी थानों ने जमरा पुलिस आरीक्षक अतिरिका थाना स्तर पर कानून सवधी पूर्व के दिक्कतों पर मम आयोजित करते भारतीय चिंतन पर आरित न्याय प्रणाली के प्रमुख मापदण्डों की व्यहारिक भाषा में प्रतिवियित किया गया। कार्यकम में आम नागरिकगणों के अपने विशेष अनुभग को साझा किया गया सुझा आयोजित किये गये सोशल मीडिया में उसका प्रचार प्रसार किया गया।

### ईसागढ़ में भी नए अधिनियमों से अवगत कराया गया

ईसागढ़ थाने पर नवीन अपराध अधिनियम को लेकर जनसंवाद का आयोजन किया गया। ईसागढ़ में आज नवी नदी नियम 1 जुलाई से लागू हो रहा है जिसे लेकर जन संवाद जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया संबाद संवाद में उपस्थित उपस्थित जनों को नए अधिनियम से थाना प्रभारी जंग बहादुर सिंह तोमर द्वारा उपस्थित जनों को अवगत कराया गया थाना प्रभारी तोमर द्वारा बताया गया कि भारतीय लोकाचार के को अपने मूल में रखने वाले नए अपराधे कानून ज्यादा प्रभावशाली होंगे परिवर्तन के तहत देश को उन मामलों में तैयार करने का अधिकार है जिम तीन वर्ष तक के करवा की सजा हो सकती है करो पर पहली सुनवाई शुरू होने के 7 दिनों के भीतर किए जाने चाहिए मैं 45 दिन से अधिक समय नहीं लगेगा किसी प्रयोजन के पुष्टि हेतु राज में एक अभियोजन निर्देशक निदेशालय स्थापित होगा जो न्यायालय के मामलों की कार्रवाई शीघ्र और अपील फाइल करने पर अपनी राय देने और मॉनिटरिंग की व्यवस्था करेगा सभी पूछता अच्छा और परीक्षण इलेक्ट्रॉनिक मोड में मोड में आयोजित किया जा सकते हैं पहली बार अपराध करने वाले अपराधियों को बिहार किया जा सकता है कब तलाशी एवं व्यक्ति के दौरान वीडियो ग्राफी बनवारी धारा 105 बी बी एन एस एस कोई भी गिरफ्तारी अपर द अपराधों के मामले में जो 3 वर्ष से काम के कारावास से दंडनीय और ऐसा व्यक्ति जो गंभी आर बीमारी से दंडनीय है और ऐसा व्यक्ति जो गंभीर बीमारी से पीड़ति है या 60 वर्ष से उम्र का है धारा धारा 35( साथ-सा द की जाती और जांच का ब्याज पुलिस की जवाब देही बढ़ाने के लिए उड़ने के लिए 20 से अधिक धाराएं शामिल की गई है इस कार्यक्रम में नायब तहसीलदार घनश्याम शर्मा नगर नगर के अभिभाषक एवं गनमैन नागरिक गणमान्य नागरिक पत्रकार पत्रकार बंधु उपस्थित हुए।




### शाढौरा में भी जनसंवाद का आयोजन हुआ

शाढ़ौरा में नए कानून को लेकर पुलिस जनसंवाद पुलिस थाना के सभागार कक्ष में संपन्न हुआ। इसी क्रम में सभी ने नए कानून के तहत जानकारी प्रकट की। इस कानून का उद्देश्य यह है कि दोषियों पर सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही की जा सके एवं पीड़ति को उचित न्याय कानून से दिया जा सके। नए कानून का प्रचार प्रसार आम जन तक पहुंच सके। इसी क्रम में थाना प्रभारी नरेंद्र कुमार त्रिपाठी ने आज से लागू नियमों की जानकारी जनता को दी। जनसंवाद में नगर के राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं आमजन उपस्थित रहे। थाना प्रभारी नरेंद्र कुमार त्रिपाठी ने नये कानून की विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर तहसीलदार आंनद जैन भी उपस्थित रहे।

## युवक-युवती की हत्या का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिले के अंतर्गत ईसागढ़ थाना अंतर्गत 2021 में युवक युवती की गला घोटकर हत्या की गई थी। जिसको लेकर ईसागढ पुलिस जांच में जुटी हुई थी। पुलिस ने उक्त हत्याकांड का खुलासा कर आरोपियो को गिरफतार किया है। मुखबिर की सूचना पर बताया जा रहा है कि इन्दार थाना अंतर्गत ग्राम खतोरा के पास अज्ञात युवक युवती की लाश मिली थी। जिसकी थाना इन्दार जिला शिवपुरी के द्वारा मर्ग कायम कर जाँच में लिया गया जांच के दौरान सीसीटीव्ही फुटेज से जानकारी प्राप्त की हुई कि ईसागढ थाना अंतर्गत ग्राम भगवानपुर का टैक्टर लाश को दो बोरियो मे भरकर पीछे रखकर ले गये सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर महिन्द्रा टैक्टर 575 लाल रंग की लिफ्ट पर लाशो को रखकर रस्सी से बाँध कर घटना स्थल से ग्राम खतौरा बिजरौनी रोड थाना इंदार जिला शिवपुरी के पास ले जाकर फेंक दिया गया था। जिस पर से मर्ग का मामला दर्ज किया गया था। ईसागढ पुलिस टीम के द्वारा भारी मसक्कत के बाद हत्या आरोपियो को ईसागढ़ पुलिस ने 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार की जाकर आरोपीगणो से हत्या के संबंध में पूछताछ की गई तो उन्होने बताया 05 अक्टूबर 2021 को मृतक प्रहलाद आदिवासी एंव मृतिका माना बाई आदिवासी को लिवाने ग्राम भगवानपुर गये थे। जिन्हे अपने साथ पालू उर्फ पाल सिंह जाट, ब्रजपाल उर्फ वकील जाट, राजू उर्फ घनश्याम जाट के द्वारा आने नही दिया और उनकी मौके पर मारपीट की गई और जबरदस्ती खेत पर वने टपरे पर ले गये बताया कि पालू जाट के खेत पर बने झोपडी मे घटना की गई थी। दिनांक 05/10/2021 को चश्मदीद साक्षी को उसके घर से ब्रजपाल उर्फ वकील, पालू उर्फ पाल सिह, के द्वारा रात्रि करीब 11.00 बजे बुलाकर लाना और खेत पर मृतक एंव मृतिका की झोपडी के पास उसने गेहू भरने के बोरो मृतक एंव मृतिका की लाशो को भरकर ब्रजपाल उर्फ वकील जाट के लाल रंग के महिन्द्रा 575 की टेक्टर की लिफ्ट पर रखकर रस्सी से बॉधकर साक्ष्य छुपाने की दृष्टि से लाशो को खतौरा बिजरौनी रोड पर मुगर्रा गांव के मोड से थोडा आगे ले जाकर फेंका गया था।